राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- nssrmpssuniversity@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 59 / 2023 दिनांकः— 27 अप्रैल 2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

विषयः राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के ZBSA चालू खाता, ऑनलाइन पंजीकरण, वार्षिक आख्या तथा ऑनलाइन प्लेटफार्म पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों को अपलोड किये जाने की रिपोर्ट / सूचना प्रेषित करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक पर पत्रांक सख्या आर0एम0पी0यू0 / 1328 / 2023 का संदर्भ ग्रहण करें तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के पत्र संख्या 177 / सत्तर—रा0से0यो0 / 2023 दिनांक 27 अप्रैल 2023 के सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की ZBSA चालू खाता, वार्षिक आख्या, ऑनलाइन पंजीकरण तथा ऑनलाइन प्लेटफार्म पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों को अपलोड किये जाने की रिपोर्ट / सूचना 25 अप्रैल, 2023 तक प्रेषित की जानी आवश्यक थी। अभी तक सभी महाविद्यालयों द्वारा सूचनाएँ / रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है, कुछ महाविद्यालय द्वारा ही ऑनलाइन पंजीकरण की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जबकि कल दिनांक 28 अप्रैल, 2023 को अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में ऑनलाइन मीटिंग में सभी महाविद्यालय की उपरोक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करनी आवश्यक है।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि कार्यक्रम अधिकारी द्वारा वांछित सूचनाएँ आज शाम 8 बजे तक प्रेषित (ई—मेल द्वारा) करने की कृपा करें।

संलग्नकःयथोपरि।

भवदीय,

(प्रो0 नीता वार्ष्णेय)
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना,
आर0एम0पी0यू0, अलीगढ़

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
02. कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, सम्बद्ध महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
03. गार्ड फाइल।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना,
आर0एम0पी0यू0, अलीगढ़